NCERT Solutions for 2nd Class Hindi: Chapter 2-भालू ने खेली फुटबॉल

IndCareer Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for Class 2nd Hindi: Chapter 2-भालू ने खेली फुटबॉल

Class 2nd Hindi Chapter 2 Solutions - Complete Class 2 Hindi Chapter 2 Notes.

## NCERT Solutions for Class 2nd Hindi: Chapter 2-भालू ने खेली फुटबॉल

NCERT 2nd Hindi Chapter 2, class 2 Hindi Chapter 2 solutions

कहानी से

प्रश्न **1**

शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल क्यों पकड़ी?

उत्तर:

शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल इसलिए पकड़ी ताकि वह जमीन पर न गिर पड़े।

**प्रश्न 2**

शेर का बच्चा क्यों दहाड़ा?

उत्तर:

जब भालू ने शेर के बच्चे को फुटबॉल समझकर अपने पैर से उछाल दिया तो हड़बड़ी में शेर के बच्चे ने दहाड़ लगाई।

**प्रश्न 3**

भालू साहब किस बात पर पछताए?

उत्तर:

भालू साहब इस बात को लेकर पछताए कि उन्होंने शेर के बच्चे को फुटबॉल समझकर अपने पैरों से उछाल दिया था।

**प्रश्न 4**

भालू ने क्यों कहा – ओह! किस आफ़त में आ फँसा?

उत्तर:

ओह! किस आफ़त में आ फँसा? यह भालू ने इसलिए कहा क्योंकि उसे शेर के बच्चे को बार-बार उछालना पड़ रहा था और वह बुरी तरह से थक गया था।

पहले क्या हुआ, फिर क्या-क्या हुआ

- भालू ने शेर के बच्चे को उछाल दिया। 2
- शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल पकड़ ली। 3
- भालू ने घर की ओर दौड़ लगाई। 5
- भालू साहब सैर को निकले। 1
- भालू ने शेर के बच्चे को लपककर पकड़ लिया। 4

क्या होता अगर

**प्रश्न 5**

भालू शेर के बच्चे को न पकड़ता?

उत्तर:

अगर भालू शेर के बच्चे को न पकड़ता, तो वह ज़मीन पर गिर जाता और उसे बहुत चोट लगती।

**प्रश्न 6**

शेर का बच्चा नौ दो ग्यारह न होता?

उत्तर:

अगर शेर का बच्चा नौ-दो ग्यारह न होता तो माली उससे पेड़ की डाल तोड़ने का हर्जाना लेता।

करके देखो

**प्रश्न 7**

जब भालू ने शेर के बच्चे को उछाला, वह दहाड़ा। उसके दहाड़ने की आवाज़ कैसी होगी, बोलकर दिखाओ।।

उत्तर:

विद्यार्थी स्वयं करें।

**प्रश्न 8**

नीचे लिखे कामों को कैसे करते हैं? कक्षा में करके बताओ।

| | |
|---|---|
| लपकना | फ़ेंकना |
| कंघी करना | मोज़ा पहनना |
| दबे पाँव चलना | धुले कपड़े निचोड़ना |

उत्तर:

विद्यार्थी स्वयं करें।

शेर के बच्चे ने सुनाई आपबीती

प्रश्न 9

शेर के बच्चे ने घर जाकर अपने माता-पिता को अपनी कहानी सुनाई। उसने क्या-क्या सुनाया होगा? बताओ।

उत्तर:

शेर के बच्चे ने अपने माता-पिता से कहा होगा कि-जब मैं पेड़ के नीचे सो रहा था, तब भालू ने मुझे फुटबॉल समझकर अपने पैर से उछाल दिया। मैंने एक पेड़ की डाल पकड़ ली, लेकिन वह टूट गई। मैं ज़मीन पर गिर पड़ता, लेकिन इसी बीच भालू ने मुझे पकड़ लिया। मुझे इसमें बड़ा मज़ा आया और मैंने भालू से बार-बार उछालने तथा मुझे पकड़ने के लिए कहा। यह क्रम काफी देर तक चलता रहा। कुछ देर के बाद भालू मुझे उछालकर भाग गया और मैं जमीन पर गिर गया। इससे पेड़ की डाल भी टूट गई। तभी वहाँ माली आ गया, उसने मुझसे पेड़ की डाल तोड़ने का हर्जाना माँगा। मैंने कहा कि ठीक होकर दूंगा। माली यह कहकर चला गया कि 'थोड़ी देर में आता हूँ।' माली के जाते ही मैं वहाँ से भाग खड़ा हुआ।

खेल-खेल में

प्रश्न 10

(क) फुटबॉल को 'फुटबॉल' क्यों कहते होंगे?

उत्तर:

फुटबॉल का अर्थ होता है फुट-पैर, बॉल-गेंद अर्थात पैर से खेले जाने वाली गेंद। इसलिए इसे फुटबॉल कहा जाता है।

(ख) ऐसे खेलों के नाम बताओ जिनमें बॉल (गेंद) का इस्तेमाल करते हैं।

उत्तर:

पिट्ठू, टेनिस, टेबुल टेनिस, हॉकी।

तुम्हारी समझ से

ठंड से बचने के लिए शेर का बच्चा गोल-मटोल सिमटकर बैठ गया था।

प्रश्न 11

तुम्हारे विचार से शेर का बच्चा ठंड से बचने के लिए और क्या-क्या कर सकता था?

उत्तर:

शेर का बच्चा ठंड से बचने के लिए अपनी गुफ़ा में जा सकता था या किसी झाड़ी में घुसकर बैठ सकता था।

उलट-पुलट

सर्दियों का मौसम। चारों ओर कोहरा ही कोहरा।

गर्मियों का मौसम। चारों ओर धूप ही धूप।

प्रश्न **12**

उदाहरण के अनुसार शब्दों को उलट कर लिखो।

उत्तर:

- शेर का बच्चा फिर से उछालने को कह रहा था।
  शेर का बच्चा फिर से गिराने को कह रहा था।
- पेड़ की एक डाल पकड़ ली।
  पेड़ की एक डाल छोड़ दी।
- पिट्ठू को सतौलिया भी कहते हैं।

ठंड से बचना

प्रश्न **13**

भालू ने ठंड से बचने के लिए फुटबॉल खेलने की बात सोची। तुम ठंड से बचने के लिए क्या-क्या करती हो**?** '✓' का निशान लगाओ।

उत्तर:

- दौड़ लगाती हो। ☐
- गर्म कपड़े पहनकर घर में बैठती हो। ☑
- रज़ाई ओढ़ती हो। ☑
- आग तापती हो। ☑
- ठंडा पानी पीती हो। ☐
- गर्म पानी में नहाती हो। ☑
- गर्म-गर्म चाय पीती हो। ☑

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 2 Hindi :


- Chapter 1 ऊँट चला
- Chapter 2 भालू ने खेली फुटबॉल
- Chapter 3 म्याऊँ, म्याऊँ!!
- Chapter 4 अधिक बलवान कौन?
- Chapter 5 दोस्त की मदद
- Chapter 6 बहुत हुआ
- Chapter 7 मेरी किताब
- Chapter 8 तितली और कली
- Chapter 9 – बुलबुल
- Chapter 10 – मीठी सारंगी
- Chapter 11 – टेसू राजा बीच बाज़ार
- Chapter 12 – बस के नीचे बाघ
- Chapter 13 – सूरज जल्दी आना जी
- Chapter 14 – नटखट चूहा
- Chapter 15 – एक्की-दोक्की

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.